**हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग**

**निगम विहार, शिमला–171002**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**21 जून, 2025**

1 हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) द्वारा दिनांक 15 जून, 2025 को पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा जिला प्रशासन के सहयोग से सभी निर्धारित प्रक्रियाओं एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर व्यापक तलाशी व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) पूरी तरह से लागू की गई।

2 हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एचपीपीएससी) के संज्ञान में यह बात आई है कि आयोग द्वारा उत्तर कुंजी अपलोड करने के उपरांत कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर परीक्षा केंद्रों में नकल/धोखाधड़ी से संबंधित दावे प्रसारित हो रहे हैं। आयोग इस मामले की गहनता से जांच कर रहा है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा और परीक्षा केंद्रों से प्राप्त रिपोर्टों का परीक्षण शामिल है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा नकल अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग पाया जाता है तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। तथापि, आयोग यह स्पष्ट करना चाहता है कि जिला प्रशासन, केंद्र पर्यवेक्षक और निरीक्षण अधिकारियों से नकल/धोखाधड़ी की कोई रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है और जिन विशेष केंद्रों पर अभ्यर्थियों द्वारा नकल/धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं, वहां की सीसीटीवी फुटेज की जांच में अब तक ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है।

3 आयोग पारदर्शिता और जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्ध है और साकारात्मक रिपोर्टिंग का स्वागत करता है, लेकिन आयोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गलत जानकारी फैलाने की कड़ी निंदा करता है और जो कोई भी भ्रामक, अविश्वसनीय दावे और गलत जानकारी फैलाएगा उन पर आयोग द्वारा उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

4 यदि किसी अभ्यर्थी को इस परीक्षा के संचालन से संबंधित कोई शिकायत हो, तो उनसे अनुरोध है कि वे सीधे आयोग से संपर्क करें और उनकी शिकायत का समाधान किया जाएगा। आयोग आश्वस्त करता है कि ऐसी सभी शिकायतों की पूरी तरह से जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**********************